October 2020

Monthly Magazine
Year 6 Issue 10

Satyug

नारायण रेकी सतसंग परिवार
In Giving We Believe

सत्युग

हमारा उद्देश्य

"हर इंसान तन, मन, धन व संबंधों से स्वस्थ हो
हर घर में सुख, शांति समृद्धि हो व
हर व्यक्ति उन्नति, प्रगति व सफलता प्राप्त करे।"

वुधवार सतसंग

प्रत्येक वुधवार प्रात ११ वजे से ११.३० वजे तक

फेसवुक लाइव पर

सतसंग में भाग लेने के लिए नारायण रेकी सतसंग परिवार के फेसवुक पेज को ज्वाइन करें और सतसंग का आनंद लें।

यादों के झरोखे से ....
अक्टूबर २०१९ नारायण उत्सव की झलकियाँ

॥ 卐 ॥

पावन वाणी

प्रिय नारायण प्रेमियों,

नारायण नारायण

अपना सर्वोत्तम देने का भाव एक ऐसा भाव है जो 'सेवा' के सही अर्थों को समझाता है। वर्तमान की स्थिति ने प्रत्येक व्यक्ति के भीतर अपना सर्वोत्तम देने के भाव को विकसित किया और सर्वोत्तम देने का यह भाव विभिन्न सेवाओं के रूप में दिखाई पड़ रहा है। हर कोई सेवा में लगा है । कहीं बच्चे घर में माँ की किचन में मदद कर रहे हैं। कहीं सेवाधारियों के न आने से पुरुष वर्ग घर के कामों में मदद कर रहा है। घर के वृद्ध दुवाएं कर रहे हैं । संपूर्ण विश्व के कोने-कोने में दुवाएं माँगी जा रही हैं। ब्रहमाण्ड को सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थनाएं की जा रही है। वैज्ञानिक वैक्सीन की खोज में लगे है। पी.पी.ई किट पहने डाक्टर निरंतर मरीजों की देखभाल कर रहे हैं। कोई संस्था मास्क और सैनीटाईजर बाँट रही है, कोई अन्नदान कर रहा है, कोई स्वास्थ्य अभियान के तहत इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से संदेश दे रहे हैं । कोई मरीजों के परिवारों की देखभाल कर रहा है । कोई अपने ऑफिसों को अपनी, प्रयोग में न आने वाली सम्पतियों को क्वारंटाइन सेण्टर बनाने के लिए दे रहा है।

सेवा का यह अद्भुत भाव जगा है संपूर्ण ब्रह्माण्ड में जो एक बेहतर कल का संदेश दे रहा है। सेवा ही एक ऐसा भाव है जो इस ब्रह्माण्ड को स्थिर रख सकता है ।

वर्तमान में तन, मन, धन से सभी लोग सेवा में लगे हुए हैं लेकिन एक ख़ास बात जो इस दौरान देखने में आई है वह है सेवा का एक अनूठा तरीका- प्रार्थना । हर देश में, हर शहर में, हर घर में सबकी सलामती की प्रार्थनाएं हो रही हैं - निस्वार्थ, निश्छल । सेवा तभी सार्थक है जब उसमें आपके तन और धन के साथ मन जुड़ा हुआ हो। जब आप मन में सेवा का भाव लाते हैं तो प्रकृति स्वतः ही धन की भी व्यवस्था कर देती है और आपके तन को भी सेवा के लिए स्वस्थ रखती है । **'सेवा परमो धर्मः'** - यह शास्त्रों में लिखा है और यह ही मानवता का आधार है । जीवन को सफल बनाना सरल है और सार्थक बनाना मनुष्य उद्देश्य और जीवन को सार्थक बनाने का अपने कर्मों को संतुलित करने का सर्वोत्तम उपाय है- सेवा ।

शेष कुशल

R. Modi

-: संपादिका :-
संध्या गुप्ता
09820122502
-: प्रधान कार्यालय :-
राजस्थानी मं डल कार्या लय
बेसमेंट रजनीगं धा बिल्डिं ग, कृ ष्ण वाटिका मार्ग ,
गोकुल धाम, गोरेगां व (ई), मुं बई - ४०० ०६३.
-: क्षेत्रीय कार्यालय :-

अहमदाबाद	जैविनी शाह	:	9712945552
आगरा	अंजनामित्तल	:	9368028590
अकोला	रिया / शोभा अग्रवाल	:	9075322783/ 9423102461
अमरावती	तरुलता अग्रवाल	:	9422855590
बैंगलोर	शुभांगी अग्रवाल	:	9341402211
बैंगलोर	कनिष्का पोद्दार	:	7045589451
बड़ोदा	दीपा अग्रवाल	:	9327784837
भंडारा	गीता शारडा	:	9371323367
भीलवाड़ा	रेखा चौधरी	:	8947036241
बस्ती	पूनम गाड़िया	:	9839582411
भोपाल	रेनूगट्टानी	:	9826377979
बीना (मध्यप्रदेश)	रश्मि हुरकट	:	9425425421
बनारस	अनीता भालोटिया	:	9918388543
दिल्ली (पश्चिम)	रेनू विज	:	9899277422
दिल्ली (पूर्व)	मीनू कौशल	:	9717650598
दिल्ली (प्रीतमपुरा	मेघा गुप्ता	:	9968696600
धुले	कल्पना चौरोडिया	:	9421822478
डिब्रूगढ	निर्मलाकेडिया	:	8454875517
धनबाद	विनीता दुधानी	:	9431160611
देवरिया	ज्योति छापरिया	:	7607004420
गुवाहाटी	सरला लाहौटी	:	9435042637
गुडगाँव	शीतल शर्मा	:	9910997047
गोंदिया	पूजा अग्रवाल	:	9326811588
गाजियाबाद	करुणा अग्रवाल	:	9899026607
गोरखपुर	सविता नांगलिया	:	9807099210
हैदराबाद	स्नेहलता केडिया	:	9247819681
हरियाणा	चन्द्रकला अग्रवाल	:	9992724450
हींगन घाट	शीतल टिबरेवाल	:	9423431068
इंदौर	धनश्री शिरालकर	:	9324799502
इचलकरंजी	जयप्रकाश गोयनका	:	9422043578
जयपुर	सुनीता शर्मा	:	9828405616
जयपुर	प्रीती शर्मा	:	7877339275
जालना	रजनी अग्रवाल	:	8888882666
झुंझुनू	पुष्पा टिबरेवाल	:	9694966254
जलगाँव	कला अग्रवाल	:	9325038277
कानपुर	नीलम अग्रवाल	:	9956359597
खामगांव	प्रदीप गरोदिया	:	8149738686
कोल्हापुर	जयप्रकाश गोयनका	:	9422043578
कोलकत्ता	सी .एसंगीता चांडक	:	9330701290
कोलकत्ता	श्वेता केडिया	:	9831543533
मालेगांव	आरती चौधरी/रेखा गरोडिया		9673519641/ 9595659042
मोरबी (गुजरात)	कल्पना जोशी	:	8469927279
नागपुर	सुधा अग्रवाल	:	9373101818
नांदेड	चंदा काबरा	:	9422415436
नासिक	सुनीता अग्रवाल	:	9892344435
नवलगढ़	ममता सिंगरोडिया	:	9460844144
पिछौरा	स्मिता मुकेश भरतिया	:	9420068183
परतवाडा	राखी अग्रवाल	:	9763263911
पूना	आभा चौधरी	:	9373161261
पटना	अरबिंद कुमार	:	9422126725
पुरुलिया	मृदु राठी	:	9434012619
रायपुर	अदिति अग्रवाल	:	7898588999
रांची	आनंद चौधरी	:	9431115477
रामगढ़	पूर्वी अग्रवाल	:	9661515156
राउरकेला	उमा देवी अग्रवाल	:	9776890000
शोलापुर	सुवर्णा बल्दावा	:	9561414443
सूरत	रंजना गाडिया	:	9328199171
सीकर	सुषमा अश्वाल	:	9320066700
सिलीगुड़ी	आकांक्षा मुंधडा	:	9564025556
विशाखापत्तनम	मंजू गुप्ता	:	9848936660
उदयपुर	गुणवंती गोयल	:	9223563020
विजयवाड़ा	किरण झंवर	:	9703933740
वर्धा	अन्नपूर्णा	:	9975388399
यवतमाल	वंदना सूचक	:	9325218899

संपादकीय

॥ 卐 ॥

प्रिय पाठकों,

नारायण नारायण

पिछले दिनों, हमारी बिल्डिंग के एक रहिवासी को सपरिवार शहर के बाहर जाना पड़ा । जब वह एक हफ्ते भर बाद लौटे, तो पूरे परिवार को नियमानुसार क्वॉरटाईन होना पड़ा। उस वक्त मैंने सेवा का खूबसूरत भाव बिल्डिंग के लोगों में देखा। बिल्डिंग के सेक्रेटरी ने एक मुश्त धनराशि सिक्यूरिटी गार्ड के पास रखवा दी कि यदि उस परिवार के लिए कोई पार्सल आता है तो उसका भुगतान कर दिया जाए और तुरंत वह वस्तु उन तक पहुँचाई जाए। कुछ लोगों ने उनको खाना भेजने की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर ले ली । कुछ लोगों ने यह ज़िम्मेदारी ली की वह उनसे समय- समय पर बातचीत करके हाल चाल लेते रहेंगे और उसकी जानकारी सबको देते रहेंगे । बाकी लोग निरंतर उनके लिए प्रार्थनाएं कर रहे थे।

निःस्वार्थ सेवा का यह अद्‌भुत भाव मन को गहरे से छू गया। सेवा एक ऐसा भाव है जो अपने भीतर करुणा, दया, ममता, परवाह के भाव को समेटे हुए है। यह ही वो भाव हैं जो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को स्थिर रखे हुए है।

बस दोस्तों सोचा, चलो अपने पाठकों से सेवा और स्वयं सेवक जैसे तथ्यों पर बातचीत की जाए।

आपके भीतर के सेवा भाव को नमन करते हुए-

आपकी अपनी
संध्या गुप्ता

अंतरर्राष्ट्रीय कार्यालय :

नेपाल	रिचा केडिया	977985-1132261
आस्ट्रेलिया	रंजना मोदी	61470045681
बैंकाक	गायत्री अग्रवाल	66897604198
कनाडा	पूजा आनंद	14168547020
दुबई	विमला पोद्दार	971528371106
शारजहा	शिल्पा मांजरे	971501752655
जकार्ता	अपेक्षा जोगनी	9324889800
लन्दन	सी.ए. अक्षता अग्रवाल	447828015548
सिंगापुर	पूजा गुप्ता	6591454445
डबलिनओहियो अमेरिका	स्नेह नारायण अग्रवाल	1-614-787-3341

आपके विचार सकारात्मक सोच पर आधारित आपके लेख, काव्य संग्रह आमंत्रित है - सतयुग को साकार करने के लिये/आपके विचार हमारे लिये मूल्यवान हैं । आप हमारी कोशिश को आगे बढ़ाने में हमारी मदद कर सकते है । अपने विचार उदगार, काव्य लेखन हमें पत्र द्वारा, ई-मेल द्वारा भेज सकते हैं ।
हमारा ई-मेल है 2014satyug@gmail.com

we are on net
narayanreikisatsangparivar
@narayanreiki

प्रकाशक : नारायण रेकी सतसंग परिवार
मुद्रक : श्रीरंग प्रिन्टर्स प्रा. लि. मुंबई.
Call : 022-67847777

||नारायण नारायण||

॥ 卐 ॥

सतयुग का शंखनाद

नारायण रेकी सतसंग परिवार का मोटो in giving we believe अपने आप में एक बहुत ही खूबसूरत भाव को समेटे हुए है, वह भाव है - सेवा का भाव। हर किसी को आप अपना सर्वोत्तम तभी दे पाते हैं जब आपके भाव **'वसुदैव कुटम्बकम्'** के भाव और 'संसार के हर प्राणी के भीतर एक ही परमात्मा का अंश अवस्थित है' जैसे भावों से भरे होते हैं ।

'प्रकृति गीता' के प्रथम अध्याय में दीदी यह बताती हैं कि हमें मनुष्य जन्म अपने कार्मिक अकाउंट को संतुलित करने के लिए मिला है और हम इस संसार में सेवा के माध्यम से यह कार्य कर सकते हैं । सेवा करने का कार्य हम जन्म से पूर्व ही चुन लेते हैं ।

आपके द्वारा किया गया कोई भी कार्य जो दूसरों को सुख पहुँचाता है सेवा कहलाता है । शास्त्रों में भी लिखा है, **'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामय, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःख भाग्भवेत्'** – अर्थात सभी सुखी हों, सभी रोगमुक्त हों, सभी मंगलमय घटनाओं के साक्षी बने, और किसी को भी दुःख का भागी न बनना पड़े । जब यह भाव हमारे भीतर होता है तो अपने पराये का भेद मिट जाता है और हम एकत्व का अनुभव करने लगते हैं । ऐसी अवस्था में हम आत्मा के उस स्तर पर हम परमान्द की अवस्था में पहुँच जाते हैं। आनंद यह अवस्था हमें यह आत्मबोध कराती हैं की जिस असीम अनंत अजेय शक्ति को हम बाहर ढूँढ रहे हैं वह हमें आसानी से प्राप्त हो सकती है यदि हम प्रत्येक प्राणी से प्रेम करें और प्रेम का यह भाव विकसित होता है सेवा के भाव से । शास्त्रों में स्पष्ट : वर्णित है **'मानव सेवा ही माधव सेवा।'**

निःस्वार्थ सेवा जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, उन्नति, प्रगति, सेहत, सफलता के दरवाजे खोलती है । जीवन में हर लौकिक और पारलौकिक वस्तु की प्राप्ति का साधन है - सेवा। सर्वोत्तम रूप से यह सेवा की जा सकती है तन, मन, धन संबंधों से सबको अपना सर्वोत्तम देकर । जब हम अपना सर्वोत्तम देने के भाव में होते हैं तो हमारे अंदर दया, ममता, करुणा जैसे सद्गुण विकसित हो जाते हैं ।

संपूर्ण ब्रह्माण्ड और संपूर्ण प्रकृति सेवा का सर्वोत्तम उदहारण है। ब्रह्माण्ड सिर्फ एक ही कार्य करता है, वह है निरंतर हमारे शब्दों को तथास्तु कहने का कार्य, बदले में उसे कुछ भी नहीं होता वह बस निरंतर देता है। प्रकृति हमें सिर्फ सेवा का भाव सिखाती है। सूर्य हमें प्रकाश और गर्मी प्रदान करता है । पवन प्राण वायु बन हमें जीवन प्रदान करता है, कल- कल बहती नदियाँ हमें जीवनदायी जल प्रदान करती हैं, वृक्ष हमें नाना प्रकार के फल प्रदान करके हमारी झुधा को मिटाते हैं । घने वृक्ष हमें शीतलता प्रदान करते हैं । कभी तनिक बैठ कर सोचा है कि बदले में उन्हें हमसे क्या प्राप्त होता है? कुछ भी नहीं । पर वह निरंतर देते ही जाते हैं । जैसा की कहा गया है, **' वृक्ष कबहूँ नहीं फल भखे, नदी न संचय नीर, परमारथ के कारने साधुन धरा शरीर'** -अर्थात वृक्ष कभी फल नहीं खाते, नदी कभी जल संचय नहीं करती, परमार्थ के लिए ही साधु शरीर रूप धरते हैं । प्रकृति का यह गुण हमें निःस्वार्थ देना सिखाते हैं निःस्वार्थ देने का यह भाव ही सेवा है ।

मदर टेरेसा का कहना था, 'जरूरी नहीं कि हम बड़े बड़े कार्य करें पर हम छोटे- छोटे काम बड़े प्रेम से कर सकते है।'

परिवार सेवा का सबसे बड़ा कार्यक्षेत्र है । राज दीदी का तो कहना है यदि आप परिवार में सबका सहयोग कर रहे हैं, सबकी सेवा कर रहे हैं सबको सुख पहुँचा रहे हैं तो आपको किसी पूजा, किसी सतसंग और किसी साधना की आवश्यकता नहीं। परिवार में एक दूसरे का ख्याल रखना, माता- पिता की सेवा करना, उनका सम्मान करना, रोजमर्रा के कार्यों को कर एक दूसरे के जीवन को सरल बनाने के लिए प्रयत्नशील रहना सर्वोत्तम सेवा है। राज दीदी कहतीं है रोज सुबह उठ कर सोचें कि ऐसा में क्या करूँ की मेरे साथ रहने वाले लोगों के जीवन को आसन बना सकूँ। हमें भले ही पूजा स्थल पर जाकर प्रभुभक्ति न करें, पूजा आरती, व्रत, उपवास न करें लेकिन घर के बुजुर्गों के पास पल, दो पल बैठकर उनके हाल चल जान लें, उनके हाथ पैर दबा दें उनकी दवाइयों का ध्यान रख लें। रात को सोते समय उन्हें शुभ रात्रि कह चादर ओढ़ना भी सेवा ही है । बच्चे जब अपने माता पिता का सम्मान करते हैं, हर बात में उनकी राय लेकर उन्हें सुख पहुँचाते हैं वह सेवा का ही रूप है। घर में काम करने वाले सहायकों की परवाह करना, आवश्यकता पड़ने उनकी मदद करना सेवा का ही रूप है।

घर के बाहर आपके कार्य क्षेत्र में किसी की मदद करना, प्यासे को पानी पिलाना, भूखे को खाना खिलाना, बीमार और घायल की मरहम पट्टी करना उन्हें अस्पताल पहुँचाना, अशिक्षित को शिक्षित करना, निराश व्यक्ति के जीवन में जोश और उत्साह को भरना हारे व्यक्ति को जीत के लिए प्रोत्साहित करना, उसके भीतर आत्मविश्वास को जगाना, लोगों को सकारात्मक बनाना, किसी की प्रशंसा करना भी सेवा का ही रूप है।

बड़े स्तर पर कई संस्थाएं, अनाथ बच्चों की देखभाल, बुजुर्गों की देखभाल, भोजन की व्यवस्था, शिक्षा, चिकत्सा जैसे कार्य धर्मार्थ संस्थाओं के रूप में करते हैं ।

यदि हम शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से किसी के लिए कुछ नहीं कर सकते तो उनके भले की प्रार्थना और कामना करना उनको आशीर्वाद देना सेवा का ही तो रूप है । नारायण रेकी सतसंग परिवार प्रार्थनाओं के माध्यम से सेवा का कार्य कर रहा है । हमारे यहाँ एक पृथक विभाग है जहाँ स्वयंसेविकाएं दूसरों के लिए प्रार्थनाएं करती हैं। स्वयंसेविकाएं या स्वयं सेवक वह व्यक्ति होता है जो स्व इच्छा से दूसरों के हित, दूसरों के भले के लिए कार्य करते है । एक स्वयं सेवक अपनी इच्छा से सेवा का कार्य चुनता है तो उसके भीतर इन गुणों का होना अति आवश्यक है :-

१) पूर्ण समर्पण का भाव । उसे सेवा के कार्य के लिए समर्पित होना चाहिए । सेवा का कार्य उसके स्वहितों से ऊपर होना चाहिए ।

२) उसे ध्येय निष्ठ होना चाहिए । उसका ध्येय सेवा का ही होना चाहिए न कि उस सेवा के पीछे यह भाव

कि मेरे द्वार यह कार्य करने से मेरा नाम होगा, मुझे लोग पहचानेंगे। उसे बस चुपचाप अपने सेवा के कार्य में लगे रहना चाहिए। क्योंकि सेवा का कार्य अंततः उसके और उस परम पिता के बीच की बात है।

३) स्वयं सेवक को निरंतर अपने भीतर, दया, ममता, करुणा, सकारात्मकता जैसे भावों को विकसित करने की साधना को करते रहना चाहिए जिससे उसके भीतर अहम का विकास न हो सके ।

४) स्वयं सेवक का चरित्र सद्गुणों से भरा होना चाहिए । उसको दृढ़ चरित्र का स्वामी होना चाहिए ।

५) स्वयंसेवक को अहंकार शून्य होना चाहिए ।

६) स्वयंसेवक को अनुशासित जीवन जीना चाहिए और नियमित दिनचर्या का पालन करना चाहिए ।

७) स्वयंसेवक को व्यवहार कुशल होना चाहिए । उसका व्यवहार, सरल और सहज होगा तो सेवा का कार्य उसके लिए इस भक्ति जैसा हो जाएगा छल, कपट, दंभ से परे।

८) स्वयंसेवक को आत्मविश्वास से भरपूर होना चाहिए । उसके भीतर यह भाव होना चाहिए कि में जो कार्य कर रहा हूँ वह सही है, उचित है । सौभाग्यशाली हूं मैं जो ईश्वर ने मुझे इस काम करने के लिए चुना और मुझे सेवा के कार्य के लिए प्रेरित किया ।

९) स्वयंसेवक के भीतर जिनकी वह सेवा कर रहा है उनके लिए आभार का भाव होना चाहिए । यह भाव होना चाहिए कि धन्य हूँ मैं जो इनकी सेवा कर पा रहा हूँ और अपने कर्मों की गठरी का बोझ हल्का कर पा रहा हूँ । धन्यवाद है आपका।

१०) स्वयंसेवक के अंदर ज़िम्मेदारी का भाव होना चाहिए। उसे हर कार्य के लिए तत्पर रहना चाहिए । उसे कार्य के लिस स्वप्रेरित होना चाहिए ।

११) स्वयंसेवक की कथनी और करनी में समरूपता होनी चाहिए। उसे दिखावे, दूर होना चाहिए। वह जो कहे उसे ही कार्य रूप में परिणित करना चाहिए।

१२) स्वयंसेवक को समय समय पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए । इसमें राज दीदी द्वारा बताई तकनीक बहुत कारगर सिद्द होती है । हर दिन रात को सोते समय अपने दिन का अवलोकन करें और यह देखें कि आज कितने लोगों के चेहरे पर मेरे कारण मुस्कान आई । उन कार्यों के लिए स्वयं को हरा स्टार दें। कितने लोगों के चेहरे से मेरे कारण मुस्कान गई, उन कार्यों के लिए स्वयं को लाल स्टार दें । धीरे- धीरे हरे स्टारों की संख्या बढ़नी है । यह प्रक्रिया आपको एक बेहतर मनुष्य बनने में सहायक होगी ।

एक कहावत है दान की शुरुआत घर से होती है । तो बस देर किस बात की छोटे- छोटे कार्यों से शुरुआत कीजिए और सेवा को अपने जीवन का अनिवार्य अंग बना लीजिए और घर में ही सही स्वयंसेवक जैसा स्वभाव विकसित करें और सार्थक जीवन की और कदम बढ़ाएं ।

ज्ञान मँजूषा

इस माह का सतसंग अन्य सतसंगों से अलग रहा हर बार दीदी यह बताती हैं हमें क्या बोलना चाहिए पर इस बार दीदी ने क्या नहीं बोलना चाहिए । इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। दीदी ने कहा :-

१) कुछ ऐसे शब्द हैं जिन्हें हमें नहीं बोलना चाहिए, यहां तक कि जब हम कभी-कभी मजाक या गंभीरता से या अनजाने में ऐसी बातें बोल जाते हैं तो वे हमारे जीवन पर असर छोड़ देती हैं। अनचाहे ही हम नकारात्मक चीजों को आकर्षित करते हैं।

राघव के माध्यम से दीदी कहती हैं कि कभी भी इस तरह के स्टेटमेंट न बोलें, न ही बुदबुदाऐं जैसे

अ) मेरी तो कोई सुनता ही नहीं है आप पहले ही घोषणा कर देते हैं कि कोई आपकी बात नहीं सुनता ... अब आपकी बात कौन सुनेगा ?

दूसरे, यह कथन नकारात्मक ऊर्जा से भरा है, यह हर्ट को आकर्षित करता है और फिर यह हर्ट आपको नकारात्मक ऊर्जा से जोड़ता है और आपका स्वस्थ तन, मन, धन और संबंध का पैकेज अस्वस्थ हो जाता है।

जब कभी आपको यह महसूस होता है कि कोई आपकी बात नहीं सुनता है। आपको अपना ... यह विचार या कथन, मंत्र में बदलना होगा

नारायण शास्त्र का मंत्र ' नारायण आपके आशीर्वाद से मेरे परिवार का हर सदस्य मेरी बात सुनता भी है और मानता भी है, नारायण आपका धन्यवाद है'।

पहले देख लें कि जिस व्यक्ति से आप कहने जा रहे हैं वह व्यक्ति सुनने के मूड में है, फिर अपने संदेश को सकारात्मक और स्पष्ट शब्दों के साथ विनम्र तरीके से व्यक्त करें। फिर चमत्कार देखें, वह आपकी सलाह को सुनेगा और मानेगा भी।

सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए एक दिन में २०० बार मंत्र दोहराना याद रखें।

२) यह जीवन बहुत मुश्किल है / काम बहुत मुश्किल है।

जब आप 'मुश्किल' शब्द का उपयोग करते हैं। यह नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करता है। हर कोई सुंदर, सुरक्षित जीवन चाहता है। जब आप इस स्टेटमेन्ट को दोहराते हैं कि आपका जीवन सुंदर है .. तो वह सुंदर बन जाता है और आपको अपने जीवन को सुंदर बनाने के लिए अलग-अलग तरीके मिल जाते हैं।

राघव कहते हैं कि ब्रह्माण्ड एक गुल्लक की तरह काम करता है।

जब आप कहते हैं कि जीवन कठिन है, तो यह गुल्लक में चिल्लर डालने जैसा है, पर जब आप कहना शुरू करते हैं कि जीवन सुंदर है, तो यह गुल्लक में नोट (रुपए) डालने जैसा है। जब आप ताला खोलते हैं तो पहले चिल्लर बाहर आती है, उसके बाद ही आपको नोट मिलेंगे।

जब आप बार-बार कहते हैं कि जीवन सुंदर है तो आपको अपने जीवन को सुंदर बनाने के नए अवसर मिलेंगे।

३) 'यह काम करने का मेरा मन नहीं है या किसी भी काम को करने का मेरा मन नहीं है।'

राघव कहते हैं कि ये शब्द कभी भी न बोलें, वे आपके सिस्टम में एक स्थान बना लेंगे और आपको कोई काम नहीं करने देंगे।

.. मान लीजिए कि आप व्यायाम करना चाहते हैं और अचानक आपको करने का मन नहीं होता है। अब इसे कैसे बदलना है ...

व्यायाम के फायदों को याद रखें और अपने आप को बताएं कि यह आपको स्वस्थ, ऊर्जावान और फिट बना देगा। जब आप इसे अपने दिमाग में दोहराएंगे, नकारात्मक ऊर्जा आपके जीवन से दूर हो जाएगी और आप अपने जीवन में चमत्कार देखेंगे।

४) 'हमेशा' और 'कभी नहीं' शब्द ऊर्जा से भरे हुए हैं। आप जिस तरह से उनका इस्तेमाल करते हैं, उसी तरह से उन्हें ढाला जा सकता है।

यदि आप इसका उपयोग सकारात्मक तरीके से करते हैं, जैसे-आप कहते हैं कि उसका स्वभाव 'हमेशा' दूसरों की मदद करना है और वह किसी के बारे में 'कभी निंदा नहीं' करता है। जब सकारात्मक तरीके से उपयोग किया जाता है तो यह व्यक्ति तक पहुंच जाएगा और उसे सकारात्मक बना देगा।

कभी-कभी इसका उपयोग उदाहरण के लिए नकारात्मक तरीके से किया जाता है। उसकी तो हमेशा देर से आने की आदत है। जब भी आप इसे नकारात्मक तरीके से उपयोग करते हैं, तो सामने वाले में सुधार नहीं आएगा

५) आध्यात्म गुरु राघव के माध्यम से दीदी कहती हैं, जब आप को लगता है कि दूसरे व्यक्ति को मदद की ज़रूरत है तो उसे पूछने के बजाय खुद उसकी मदद करें। जब आप दूसरों को खुशी पहुंचाते हैं तो आपका जीवन चमत्कारों से भर जाता है।

जब आप दूसरों को खुशी देते हैं तो आप सकारात्मक जोन में पहुंच जाते हैं और सुख, शांति, समृद्धि को आकर्षित करते हैं, नकारात्मक ऊर्जा आपसे दूर हो जाती है और आप अपने जीवन में चमत्कार का अनुभव करते हैं।

६) मोटिवेशनल स्पीकर रॉबिन शर्मा कहते हैं कि दिन भर में ऐसा कुछ तो करें कि एक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आ जाए।

॥ 卐 ॥

७) जब जॉर्ज बर्नार्ड शॉ मृत्यु शैय्या पर थे, तब उन्हें दुनिया को संदेश देने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा- अच्छे बनें, एक दूसरे की मदद करें, एक दूसरे के लिए अच्छे बनें। चैरिटी घर से शुरू होती है... तो अच्छे काम की शुरुआत घर से ही करें, परिवार को खुशी दें जिन सदस्यों के साथ आप रहते हैं उनकी मदद करें, उनके चेहरों पर मुस्कान लाने की कोशिश करें, फिर देखें कि आपका जीवन कैसे बदल जाता है।

८) अनुशासन, काम के प्रति प्रतिबद्धता और ईमानदारी ऐसे गुण है जिन्हें अपनाकर हम सहज ही सप्त सितारा जीवन के हक़ दार बन जाते है।

९) राधिका के माध्यम से दीदी कहती हैं कि अपने जीवन में हम बहुत कुछ हासिल करना चाहते हैं, बहुत कुछ बनना चाहते हैं पर हम उन चीजों की कद्र नहीं करते हैं जो हमारे पास वर्तमान स्थिति में हैं। जब आप आत्मचिंतन करेंगे, तो आप पाएंगे कि आपका जीवन आशीर्वादों से भरा है, आप अच्छे लोगों और वस्तुओं से घिरे हैं।

राधिका कहती है कि क्यों न कद्र और देखभाल करें और उन सभी के आभारी रहें जो आपके जीवन में हैं और एक खुशहाल और सुंदर जीवन जिएं ...

१०) आध्यात्मिक गुरु राघव के माध्यम से दीदी कहती हैं अगर आप अपने जीवन का एक सिद्धांत बनाते हैं कि अपने हर काम के लिए कृतज्ञता, प्रशंसा, कद्र और आभार व्यक्त करते हैं, तो आप देखेंगे कि आपका जीवन उन्नति, प्रगति,सफलता समृद्धि और बहुतायत से भर जाएगा।

हमेशा कद्र, सराहना, देखभाल करें और सभी चीजों के लिए आभार व्यक्त करें उस 'ईश्वर' का जिसने आपको दिया है और सप्त सितारा जीवन जिएं।

११) खुश रहने के लिए जरूरी है आप अपने आस पास के प्रत्येक व्यक्ति की खुशियों का ध्यान रखें। छोटे-छोटे कामों को भी उत्सव की तरह मनाएं और अपने जीवन को सप्त सितारा बना लें ।

अधिकमास साधना

राम राम के साथ विभिन्न मकसद से आशीर्वाद देने की साधना २१×३३

राज दीदी के निर्देशानुसार हमें प्रार्थनाओं के माध्यम से दान देना है। हम राम राम २१×३३ विभिन्न इरादों से कर सकते हैं जैसे अच्छा स्वास्थ्य, पढ़ाई, शादी, गर्भावस्था या अपनी कोई भी इच्छा के लिए। दांए हाथ की ऊर्जा हमारी इच्छा के लिए व बांए हाथ की ऊर्जा समान इच्छा वाले व्यक्ति के लिए।
या कोई भी दो लोगों को एक साथ किसी भी उद्देश्य के लिए राम राम २१×३३ की आशीर्वाद ऊर्जा दे सकते हैं। संबंधों के लिए राम राम २१ × ६३ की ऊर्जा दें

सेवा परमो धर्म

भारतीय संस्कृति का यह सूत्र बताता है कि, सेवा भाव को भारत ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में सर्वोच्च स्थान दिया गया है , महत्वपूर्ण माना गया है । इस भाव को अपनाना अर्थात आनंद की अनुभूति करना है । सेवा करने वाला व सेवा लेने वाला दोनों ही सकारात्मकता से भर जाते हैं और जब हम सकारात्मक होते हैं तो जीवन स्वतः ही आनन्दमय होने लगता है । राज दीदी कहती हैं सेवा होती है तन से, सेवा होती है मन से और सेवा होती है धन से । जितनी हमारी सामर्थ्य है उसी अनुपात में सेवा करना मानव धर्म है । कई दृष्टांत ऐसे भी मिलेंगे जहाँ लोगों ने अपनी जमा पूँजी सेवा को समर्पित कर दी । हाल ही में चल रहे लॉक डाउन के चलते एक दम्पति ने अपनी पूरी जमा पूँजी अड़ोस पड़ोस के गरीब लोगों को आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने में समर्पित कर दी । मुंबई में एक अन्य स्थान पर सड़क पर दिन गुज़ार रही महिला ने जब देखा कि मेन होल का ढक्कन खुला है और बारिश के कारण रोड पर चल रहे लोगों के लिए ख़तरनाक साबित हो सकता है तो वह लगातार बिना खाए पिए उस स्थान के पास खड़ी हो कर लोगों को आगाह करती रही । मन से की गयी सेवा के उदाहरण हर सत्संगी के पास होंगे । जब भी किसी व्यक्ति के लिए प्रार्थना का निवेदन आता है, हर सतसंगी नारायण नारायण, राम राम २१ या चक्र हीलिंग के माध्यम से अपनी सेवा देता है ।

लॉकडाउन के चलते, कितने ही रोज़नदारी वाले मज़दूर, सड़क पर ठेला लगाने वाले भाई व ऐसे ही अनेकों कर्मी दो वक्त की रोटी के लिए मजबूर हो गए थे । लाखों प्रवासी कर्मी धन के अभाव में अपने अपने घर पलायन कर रहे थे। बस स्टैंड से लेकर रेल्वे स्टेशन तक लम्बी लम्बी क़तारें लगी थीं । ऐसे समय में हमारे युवा वर्ग ने सहायता के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाए । नारायण रेकी सतसंग परिवार के रेडीयंट स्टार्स ने तन, मन व धन से सेवा के अनेक कार्य किए । कुछ ने तो पशु पक्षियों के भी आहार की व्यवस्था की । यह इसलिए सम्भव हुआ क्यूँकि इनके अंदर बचपन से ही इनके माता पिता ने अच्छे संस्कार डाले हैं और उस पर राज दीदी द्वारा निर्देशित कोर्स - लीडिंग अ मीनिंगफुल लाइफ़ ने इन्हें जीवन को सार्थक बनाने के लिए प्रेरित किया।

सेवा के भाव को प्रबलता देता है करुणा का भाव, भाईचारे का भाव और स्वयं को निमित्त मानने का भाव।

आरती में हम हमेशा गाते आए हैं -

तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा - यह वाक्य बताता है कि हमें क़तई अहंकार नहीं करना चाहिए कि यह मैं कर रहा हूँ और जब यह कर्तापन का भाव जाता रहेगा तो अहंकार कहाँ विलीन हो जाएगा पता ही नहीं चलेगा । अहंकार तिरोहित होने पर हमारा मूल स्वभाव प्रकाशित होने लगता है और इस अवस्था में हमारे द्वारा किया गया हर क़र्म आनंददायी हो जाता आकाश है । इस स्थिति में हम अपने साथ साथ जगत का कल्याण करते हैं और सही मायनों में मानव जीवन को सार्थक बनाते हैं । आइए स्वयं को सेवा का निमित्त बनाएँ । तन से, मन से, धन से, समय देकर इस भाव और कार्य को जीवन का अभिन्न अंग बनाएँ ।

बच्चों की फुलवारी

पांच वर्ष का आकाश दौड़ता हुआ अपनी माँ के पास पहुँचा। उसकी माँ ने पूछा, ' आकाश आप कहाँ गए थे।' तो बड़ी ही मासूमियत से आकाश ने कहा, ' शर्मा दादाजी के घर'। जब आकाश की माँ वर्षा ने पूछा, ' तुम शर्मा दद्दाजी के घर क्यों गए थे'?

'मैं उनकी मदद करने गया था।'

'मदद करने? तुमने उनकी कैसे मदद की?' हैरानी से वर्षा ने पूछा ।

'मैंने उनकी रोने में मदद की . मैंने उनका हाथ थामा उनके आँसू पोंछें ।' जवाब सुन वर्षा दंग रह गई । वृद्ध मिस्टर शर्मा वर्षा के पडौसी हैं, जिनकी पत्नी का पिछले दिनों देहांत हो गया था। उनके दोनों बच्चे अमेरिका में हैं और महामारी के कारण वह नहीं आ सके थे । ऐसे समय में सोसाइटी के सदस्य उनकी मदद के लिए आगे आए और उन्होंने उनकी हर संभव मदद की। वर्षा ने बच्चे की बातें सुन उसे गले लगा लिया।

बच्चों सतयुग का इस बार का अंक सेवा पर आधारित है ।

स्वामी चिन्मयानन्द कहते हैं, **'मानवता की सेवा ही ईश सेवा है' ।** राज दीदी का भी कहना है आप को मंदिर में बैठकर घंटों जप करने की आवश्यकता नहीं है । आपको बस उन लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने की आवश्यकता है जिनके साथ आप रहते है या जो आपके साथ रहते हैं ।

'सेवा का तात्पर्य है किसी की मदद करना।'

एक दिन एक पक्षी ने अपनी मधुमक्खी दोस्त से पूछा, 'प्रिय मित्र, पूरे दिन मैं तुम्हें अपने अन्य साथियों के साथ शहद बनाने के लिए मेहनत करते हुए देखता हूँ । इतनी मेहनत और इतने लंबे समय के बाद तुम थोड़ा सा शहद इकट्ठा कर पाती हो और उस शहद को मनुष्य चुरा कर ले जाते हैं, तुमको बुरा नहीं लगता'?

'कभी नहीं' भिनभिनाते हुए मधुमक्खी ने कहा। 'मित्र कोई मेरा शहद चुरा सकता है लेकिन कोई भी मुझसे शहद बनाने की कला कभी नहीं कर सकता।' पक्षी अपनी मित्र मधुमखी के परोपकारी और निःस्वार्थ रवैये को देखकर हैरान था और उसकी बातों से वह प्रेरित भी हुआ । यह कहानी हम मनुष्यों को दूसरों की निःस्वार्थ सेवा और दूसरों के प्रति सहिष्णु होने का सबक सिखाती है।

अभी हाल ही में राज दीदी ने अपनी एक बातचीत में कालेज के एक छात्र ने अपने एक कोर्स को पूरा करने के लिए कालेज से अवकाश लिया था । ६ महीने के बाद जब उसने पहले दिन कालेज अटेंड किया तो वह इस बात से थोड़ी घबराई हुई थी कि जो लेक्चर जो वह अटेंड नहीं कर पाई उनको वह कैसे सीख पायेगी? जब उसने कक्षा में प्रवेश किया तो उसने देखा कि उसकी desk पर बहुत ही करीने से चार नोट बुक जिनपर उसका नाम लिखा था रखी हुई हैं। जब उसने उन नोट बुक्स को खोल कर देखा तो पाया की उसके साथियों ने पिछले ६ महीने के नोट्स उसके लिए तैयार किए थे।

कई बार हम अपने मित्रों, को नोट्स बनाने में मदद करते हैं। कई बार उनको पढ़ाई में मदद की आवश्यकता होती है, कभी उन्हें प्रोत्स्साहन के कुछ शब्दों की आवश्यता होती है जो उनके आत्मिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए आवश्यक होता है । बच्चों आगे बढ़ो और उनकी मदद करो । सेवा के यह छोट- छोटे कार्य आपके जीवन

में टनों आशीर्वाद लेकर आएंगे। आपके द्वारा दिए गए दिलासा के शब्द, आपके द्वारा की गई छोटी- छोटी मदद, जिनकी उस समय आपके दोस्तों को बहुत आवश्यकता थी, आपके द्वारा इन दयालुता भरे कार्यों के लिए आपको याद किया जाएगा ।

निः स्वार्थ से सेवा करने से सेवा प्रेरणा बन जाती है। जब दिल में प्यार होगा तब ही हम दूसरों की खुशी के लिए अपने स्वार्थों और इच्छाओं को छोड़ने के लिए तैयार होंगे। सेवा सदैव, मुस्कराहट, विनम्रता और मधुरता के साथ की जानी चाहिए।

आओ बच्चों, सेवा को अपने जीवन का एक अभिन्न अंग बनाएं।

कर्मों को संतुलित करने के लिए रात्रि ध्यान साधना

हर रात सोने से पहले अपने पलंग पर सीधे बैठें। तीन गहरी सांस लें। या व्यक्ति की कल्पना करें जिसे आपने अपने नकारात्मक शब्दों या कर्मों से आहत किया है। उन सभी परिवार के सदस्यों की भी कल्पना करें जो उस समय उपस्थित थे जब आप उस व्यक्ति पर क्रोध कर रहे थे।

विशेष ध्यान उस व्यक्ति पर होना चाहिए जिसके साथ आपने नकारात्मक व्यवहार किया था, दूसरे परिवार के सदस्यों की उसके चारों और कल्पना करें।

अब कहें- नारायण मुझसे गलती हो गयी, कृपया मुझे माफ कर दीजिए। (जब आप नारायण कह रहे है तो इसमें सभी परिवार के सदस्य आते है जो आपके नकारात्मक व्यवहार से आहत हुए है) जब आप माफी मांगते है तो ब्रह्मांड तुरंत आपको माफ कर देता है।ब्रह्मांड को धन्यवाद कहें।

व्यक्ति को ' आई लव यू आई लाइक यू आई रेस्पेक्ट, नारायण आपको सुख शांति, समृद्धि/ उन्नति, प्रगति, सेहत संफलता/ प्रेम आदर सम्मान विश्वास केयर, अच्छा नाम प्रसिद्धि धन का आशीर्वाद दें। व्यक्ति को जो उसके जीवन में सर्वाधिक चाहिए है उसका आशीर्वाद दें।

ब्लेसिंग को कुछ देर दोहराएं और फिर राम राम २१, ५ मिनट/१० मिनट/ १५ मिनट करें। अच्छा रहेगा अगर २१ मिनट करते हैं। आप ५ मिनट से शुरू कर सकते हैं फिर धीरे धीरे बड़ा सकते हैं।

इस ध्यान साधना के दोहरे लाभ होंगे। यह आपके कर्मों को संतुलित करेगा और आप जो ब्लेसिंग ब्रह्मांड में भेजेंगे वह गुणा होकर आपके पास लौटेगी।

अपने कर्मों का हिसाब रखने के लिए हमेशा अपने पास नोटबुक रखें। अगर आप किसी को अपने कर्मों के माध्यम से हर्ट करते हैं तो अपने आप को रेड बॉल दें। अगर किसी को खुशी देते हैं, किसी के लिए प्रार्थना करते हैं या किसी की मदद करते हैं तो स्वयं को ग्रीन स्टार दें।

जैसे जैसे ग्रीन स्टार्स की संख्या बढ़ेगी बुरे कर्म आपके खाते से निकलते जाएंगे।

दीदी के छाँव तले

॥ 卐 ॥

नारायण रेकी सतसंग परिवार का सतसंग इस तरह की बातों का प्रसार करता है कि उनके जीवन की बुनियाद और गहरी होती जाती है । छोटी- छोटी बातें मगर बहुत ही महत्वपूर्ण जिनको जीवन में उतारा गया तो जीवन परिवर्तित हो गया। ऐसे ही कुछ अनुभव :-

उदय भाई (कनेक्टिक):- मैं एक रेकी चैनल हूँ। मैं नियमित रेकी प्रैक्टिस करता हूँ । फरवरी में मैं भारत आया। उस समय मै करी पत्ते का एक पौधा अपने एक रिश्तेदार के यहाँ छोड़ कर आया । उन्होंने उसकी बहुत देखभाल की । जब हम भारत से वापस गए तो हम अपना पौधा उनके यहाँ से ले आए । पौधा एकदम स्वस्थ था । पर एक दिन अचानक वह पूरी तरह सूख गया उसकी जड़ें भी मृत हो गईं । मैंने वह पौधा बाहर बेकार पड़ी पौधों के कचरे में डाल दिया। अचानक ३ महीने के बाद में जब भी ध्यान में बैठता वह पौधा मुझे दिखाई देता । मैंने कचरे से उस पौधे को निकाला जो की अभी भी मृत था । मैंने उसे रेकी सिम्बल्स से रेकी दी और राम- राम २१ की माला की। निरंतर ऐसा करने से १५ दिन में ही वह पौधा जो मर चुका थ पुनः जीवित हो गया और आज बहुत स्वस्थ है और हम उस पौधे के करी पत्तों को प्रयोग कर रहे हैं।

निर्मला (कनाडा) :- मैं कनाडा में रहती हूँ । मैंने अभी हाल में ही रेकी सीखी। हमने पिछले साल ई. एम. आई पर निवेश के हिसाब से घर खरीदा था । कोरोना वायरस के चलते मेरी और मेरी पति की नौकरी चली गई । हमें लगा ई. एम. आई न भरने की वजह से यह घर भी हमारे हाथ से न निकल जाए और जो अब तक किश्तों में हमने पैसा भरा था वह भी व्यर्थ न चला जाए । पर हमारी निरंतर प्रार्थनाओं का यह असर हुआ कि हमें उस घर के बदले में ई.एम. आई चुकाने की व्यवस्था हो गई । नारायण आपका , राज दीदी का रोम- रोम से धन्यवाद ।

प्रमिला (शारजाह):- मैं एक रेकी चैनल हूँ । पिछले दिनों मेरे पति को ब्लड प्रेशर शूट कर जाने के कारण पैरालिसिस का अटैक आया। मैं एक दम घबरा गई । मैं एक नर्स हूँ । मैं उनके लिए कुछ फर्स्ट ऐड की व्यवस्था करने लगी। तभी घर के एक सदस्य ने पुकारा कि उनकी पल्स चली गई है । बदहवाश सी रोत- रोते मैंने उनको कृत्रिम तरीके से स्वांस दी । मैं रोती जा रही थी पर निरंतर राम - राम का जाप करती जा रही थी । किसी तरश इस लॉक डाउन के पीरिएड में डाक्टर्स के व्यवस्था हुई । प्रार्थनाओं का यह असर हुआ कि लगातार अस्पताल और डाक्टर मिलते गए। उनके आवश्यक टेस्ट हो गए और वह अब बहुत हद तक ठीक है।

***निधि लड्ढा* को जन्मदिन (२ अक्टूबर) को सुख शांति,समृद्धि, उन्नति, प्रगति, सेहत, सफलता भरे सप्तसितारा जीवन की शुभकामनाएं ।**

कृष्ण और भिखारी

एक बार कृष्ण और अर्जुन सैर कर रहे थे । तभी उन्हें एक बूढा ब्राहमण भिक्षा माँगता हुआ दिखाई दिया । अर्जुन को उस पर दया आ गई और उन्होंने उसे स्वर्ण सिक्कों से भरी एक थैली दान में दे दी । वह वृद्ध बहुत खुश हुआ । लेकिन रास्ते में एक लुटेरे ने उससे वह स्वर्ण मुद्राएं लूट लीं । दूसरे दिन जब कृष्ण और अर्जुन पुनः सैर पर निकले तब उन्हें वह ब्राह्मण भिक्षा माँगते हुए दिखा। अर्जुन और कृष्ण को कल उसके साथ हुई लूट के बारे में पता चला तो अर्जुन ने उसे एक बड़ा सा बहुमूल्य हीरा दिया। उस वृद्ध ने वह हीरा लिया और अपने घर में एक पुराने घड़े में छिपा दिया जो कि प्रयोग में न आता था।

दूसरे दिन उसकी पत्नी नदी से पानी भरने गई तो उसका मिट्टी का घड़ा फूट गया। तभी उसे याद आया कि उसके घर में पुराना घड़ा रखा है । यह वह ही घड़ा था जिसमें ब्राहमण ने हीरा रखा था । ब्राह्मण की पत्नी ने वह मटका उठाया और पानी भरने के लिए चल पड़ी। जैसे ही पानी लेने के लिए उसने मटके को नदी में डाला वह हीरा नदी में गिर गया जिसे एक मछली ने निगल लिया। जब ब्राह्मण सो कर उठा तो उसने मटके को घर में नहीं देखा तो उसने अपनी पत्नी से पूछा। पत्नी ने सारा किस्सा कह सुनाया। सुनकर ब्राह्मण ने अपना माथा पीट लिया और अगले दिन वह पुनः भिक्षावृति के लिए उद्धत हुआ। जब अगले दिन कृष्ण और अर्जुन ने उसे पुनः भिक्षा माँगते देखा तो उन्हें बहुत अचरज हुआ। पूछने पर ब्राह्मण ने पूरा किस्सा कह सुनाया । तब अर्जुन ने कृष्ण को कहा, 'मुझे लगता है केशव के इस ब्राहमण के भाग्य में कुछ है ही नहीं। अब मैं इसकी क्या मदद कर सकता हूँ' । तब कृष्ण ने उस ब्राह्मण को दो आने दे कर विदा कर दिया। अर्जुन बोले, 'केशव जब स्वर्ण मुद्राएं और इतना बड़ा हीरा उसके लिए कुछ नहीं कर पाया तो इन दो आनों से इसका क्या भला होगा'? कृष्ण ने कहा, 'चलो देखते हैं अर्जुन इन दो आनों से इसका क्या होगा?'

वह ब्राह्मण उन दो आनों को लेकर आगे बढ़ा । उसने देखा एक मछुआरा जाल में फँसी मछली को लेकर आगे जा रहा है और वह मछली बाहर निकलने के लिए तड़प रही है । तब उस ब्राह्मण ने सोचा, 'इन दो आनों से मेरा तो कुछ होने वाला नहीं पर इस मछली की जान जरूर बचाई जा सकती है। ऐसा सोचकर उसने उस मछुआरे से मछली खरीद ली और उसको नदी में फेंकने के लिए ले जाने लगा। तभी उसने देखा मछली के गले में कुछ अटका है जिसके कारण उसकी यह दशा है। उसने उस फँसी हुई चीज को मछली के गले से बाहर निकाला। उसकी खुशी का ठिकाना न रहा क्योंकि यह वह ही बड़ा बेशकीमती हीरा था जो अर्जुन ने उसे दिया था । खुशी के मारे वह चिल्लाने लगा, 'देखो! मुझे क्या मिला है।' उस वक्त वह चोर जिसने उसका धन लूट लिया था वह वहाँ से जा रहा था। उसे लगा कि ब्राह्मण ने उसे देख लिया इसलिए वह लोगों को इकट्ठा करने के लिए चिल्ला रहा है। उसने घबराकर ब्राह्मण का धन उसे लौटा दिया और क्षमा माँगता हुआ वहाँ से रवाना हो गया। ब्राहमण सीधा अर्जुन के पास गया और उसने उन्हें धन्यवाद दिया और पूरी कथा सुना दी।

अर्जुन ने पूछा, 'भगवान, जो काम मेरी स्वर्ण मुद्राएं और हीरा नहीं कर पाया वह काम आपके दिए दो आनों ने कैसे संभव कर दिया'? कृष्ण ने कहा, 'अर्जुन जब उसके पास स्वर्ण मुद्राएं और हीरा था तब वह सिर्फ अपने भले के लिए सोच रहा था। पर जब उसके पास दो आने थे तब भी उसने निःस्वार्थ भाव से उस मछली का भला करने का सोचा । अर्जुन जो लोग दूसरों के बारे में सोचते हैं और उनकी भलाई के लिए कार्य करते हैं उनकी सहायता ईश्वर स्वयं करता है। हे! पार्थ जो भी व्यक्ति दया भाव से भरकर कोइ भी कार्य करता है और स्वयं से पहले दूसरे की भलाई के लिए सोचता है ईश्वर उन्हें स्नेह करते हैं और उनकी मदद के लिए हर पल बिना बुलाए पहुँच जाते हैं क्योंकि पर सेवा प्रभु सेवा' कहकर कृष्ण मुस्कराने लगे।

गरीब की चाय

डा. वसु और डा. वीणा दोनों पति पत्नी थे। बहुत लंबे समस के बाद वह दो दिन के अवकाश के लिए महाकाल का दर्शन करने निकले थे। वह नागपुर में अपना एक अस्पताल चलाते थे। अस्पताल का बहुत नाम था शहर में । वो लोग कार से इंदौर जाने के लिए निकले। रास्ते में कुछ भूख सी लगी तो डा. वसु को अचानक हाई वे पर एक छोटी सी दुकान दिखी। उस दुकान पर वेफर्स के पैकेट लटक रहे थे। डा. वसु ने दुकान पर आवाज लगाई, एक महिला निकल के आई। उसने पूछा, 'क्या चाहिए बाबूजी'? डा. वसु ने वेफर्स के दो पैकेट लिए और दो कप चाय का आर्डर दिया और दोनों पति पत्नी दुकान के बाहर पड़ी कुर्सियों पर जाकर बैठ गए। बहुत देर हो गई थी । चाय अभी तक आई नहीं थी । वसु ने आवाज लगाई तभी वह महिला बाहर आई और बोली, 'बाबूजी बाड़े में तुलसी लाने गई थी, बस अभी दो मिनट में चाय आई । सचमुच दो तीन मिनट में चाय आ गई ।

जिन कपों में वह महिला चाय लाई थी वह बहुत मैले थे। उन्हें देख कर वसु भाई अपसेट हो कर कुछ बोलने ही वाले थे कि डा. वीणा ने उनका हाथ दबा कर उन्हें शांत रहने का इशारा किया। इतनी स्वादिष्ट चाय उन दोनों ने अपने जीवन भर में कभी नहीं पी थी। चाय पीने के बाद वसु भाई ने उस महिला से पैसे पूछे। महिला बोली, सौ रूपये।' वसु आश्चर्य से बोले, ' अरे! २० रूपये तो वेफर्स के ही हो गए हमने तो चाय भी पी है उसका कितना हुआ'? महिला बोली, 'हम सिर्फ वेफर्स और बिस्कुट बेचते हैं यह रूपये उसी के हैं । हम चाय नहीं बेचते।' तो फिर आपने चाय क्यों बना दी? आप मना कर देतीं।' वह महिला बोली आप हमारे अतिथि थे, आपने चाय माँगी कैसे मना करती । घर में बच्चे को पिलाने के लिए दूध रखा था उसी से चाय बना दी पर तुलसी नहीं थी वह ही लेने बाड़े चली गई इसलिए देर हो गई, क्षमा चाहती हूँ।'

वसु और वीणा एक दूसरे का मुँह ताकने लगे । वीणा ने पूछा, 'अब बच्चे को क्या पिलाओगी।' 'कुछ नहीं एक दिन दूध नहीं पीएगा तो कुछ नहीं होगा । कल सुबह उसके पिताजी शहर जाकर दूध ले आएंगे । आज उन्हें

बुख़ार है ।' डाक्टर दंपति उस महिला की बात सुन भौंचक्के रह गए । इस गरीब महिला ने अपने बच्चे के दूध से अतिथियों के लिए चाय बनाने से पहले एक बार भी यह नहीं सोचा कि उसका बच्चा क्या पीएगा'? उसकी महानता के आगे दोनों नतमस्तक हो गए । वीणा ने कहा हम दोनों डाक्टर हैं, बताएं आपके पति कहाँ हैं? हम उनको देखना चाहते है । उन दोनों ने जाकर उसके पति को देखा जो बुख़ार में तप रहा था। डा. वसु ने यह पाया कि उस महिला के पति को इंजेक्शन की आवश्यकता है। वह वीणा को वहीं मरीज के पास बैठाकर इंजेक्शन लेने शहर गए । इंजेक्शन के साथ- साथ उन्होंने फल और दूध की थैलियों के साथ खाने का अन्य समान लिया और उस दुकान तक लौट आए । मरीज को इंजेक्शन दिया और जब उसका बुख़ार उतर गया तब वह वहाँ से जाने के लिए निकले । इस पूरे घटना क्रम में ४ से ५ घंटे लग गए। वीणा ने कहा, 'वसु यदि हम तुरंत ही यहाँ से निकलें तो भी महाकाल के दर्शन नहीं हो पाएंगे । पट बंद होने का समय हो जाएगा।' चलो वापस नागपुर चलते हैं।' वसु बोले, 'वीणा वैसे भी शायद अब महाकाल जाने की आवश्यकता नहीं। महाकाल स्वयं इस महिला के रूप में हमें साक्षात दर्शन दे चुके हैं । चलो चलें।' कहते हुए वह कार की ओर बढ़ गए ।

नागपुर पहुँच कर वसु और वीणा ने एक निर्णय लिया। उन्होंने रिसेशस्ट से कहा, ' आगे से आप सिर्फ मरीजों का नाम लिखेंगे उबसे फीस हम स्वयं ही लेंगे। उस दिन वसु और वीणा ने गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज शुरू कर दिया। वह सिर्फ संपन्न मरीजों से ही फीस लेते। धीरे- धीरे- उनके अस्पताल की प्रसिद्धि दूर- दूर तक फ़ैल गई।

एक अखबार से साक्षात्कार के लिए आए पत्रकार से उन्होंने पूछ, ' इतनी महँगाई के ज़माने में आप इतने सारे गरीबों का इलाज मुफ्त में क्यों और कैसे करते हैं? उन्होंने कहा, 'हम जीवन के हर मोड़ पर गोल्ड मेडलिस्ट रहे हैं । उस दिन उस दिन वह महिला अथिति देवो भवः और सेवा के मामले हमें एक अंतर्दृष्टि दे गई कि हम सेवा में भी गोल्ड मेडलिस्ट बनेंगे इसलिए हमने यश निः शुल्क सेवा आरम्भ की है, फिर हमारा तो पेशा भी सेवा का है तो क्यों न उसमें गोल्ड मेडलिस्ट बन जीवन को सार्थक करें।'

कार्मिक हीलिंग

नारायण धन्यवाद प्रार्थना करें

' हे नारायण आपका धन्यवाद है आप हर पल हर क्षण हमारे साथ हैं' , आपकी उपस्थिति में मैं / हम उन लोगों के लिए जाप करने जा रहा/रही हूँ जिन्हें भी मैंने/हमने जाने अनजाने नकारात्मक विचार , वाणी व्यवहार से आहत किया है। हम उनसे क्षमा चाहते हैं , साथ ही जिन्होंने हमारे साथ भी विचार, वाणी व्यवहार से नकारात्मक व्यवहार किया है उन व्यक्तियों को हम क्षमा करते हैं। हम नारायण से प्रार्थना करते हैं उनका जीवन - सुख , शांति , समृद्धि , लव , रेस्पेक्ट, फेथ , केयर , नेम , फेम, मनी , उन्नति , प्रगति, सफलता से भर दीजिए व उनकी सभी शुभ मनोकामनाएँ पूरी कर दीजिए।

यह बोलकर राम राम जाप २१ मिनट तक करें ।

पुलक

१६ वर्षीय पुलक अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। तभी बल्लेबाज ने जोर से बल्ला घुमाया और बाल समीप के बंगले की दीवार को नाँघ कर अंदर चली गई । पुलक उस बाल को लेने के लिए उस बंगले के भीतर गया। उसने देखा, बंगला वीरान पड़ा है । तभी उसे किसी के खाँसने की आवाज आई । खाँसी की आवाज से यह साफ जाहिर था कि वह किसी बीमार बुजुर्ग की आवाज है । वह सधे कदमों से अंदर की ओर बढ़ा। उसने देखा कमरे में एक पलग के ऊपर एक बुजुर्ग व्यक्ति लेटा हुआ है । वह इतना कमज़ोर था की अपनी पूरी कोशिश के बाबजूद पास ही पड़ी टेबल से पानी उठाने में सफल नहीं हो पा रहा था। पुलक का मन करुणा से भर गया वह उनके नजदीक गया सहारा देकर उन्हें बैठाया और उन्हें पानी पिलाया । पुलक ने देखा कि उनको तेज बुख़ार है। उसने तुरंत डा. को फोन करके बुलाया। बातों में उस बुजुर्ग ने बताया कि वह अपने एक मात्र बेटे के साथ रहते है। पर उनका बेटा शहर से बाहर गया है इसलिए वह अकेले हैं और अचानक ही उनको तेज बुख़ार आ गया। पुलक ने डाक्टर से परचा लिया और अपनी पाकेट में रखे रुपयों को टटोला और दवा लेने चल पड़ा। उसने बुजुर्ग को दवा खिलाई और थोड़ी देर में आने का कहकर चला गया।

घर पहुँचकर उसने अपनी माँ से कहा, 'माँ आज मेरे पेट में दर्द है मेरे लिए खिचड़ी बना दो।' माँ ने जब खिचड़ी बना कर उसे आवाज दी तो उसने कहा, 'माँ यहाँ कमरे में दे दो न।' माँ को आश्चर्य पर आश्चर्य होता जा रहा था पुलक और खिचड़ी और वह भी अपने कमरे में !' वह हौले से मुस्कराई और सोचने लगीं, 'हो रहा है मेरा बेटा।' माँ जब खिचड़ी देकर चली गईं तो पुलक ने उस खिचड़ी को एक डिस्पोजल बॉक्स में डाला और उस वृद्ध को खिलाने के लिए उसनके घर चल पड़ा। माँ से उसने कहा, 'माँ खाना खाने के बाद भारी- भारी लग रहा है क्या मैं बाहर टहल कर आऊं?' माँ जो की पुलक के रवैये से कहीं न कहीं खुश थीं उन्होंने उसे सहर्ष सहमति दे दी। पुलक घर से निकला ही था कि उसकी मुलाक़ात पापा से हो गई जो अभी- अभी ऑफिस से लौटे थे। 'अरे! पुलक कहाँ जा रहे हो' ? तुम्हारे हाथ में क्या है' ? पापा ने पूछा। पुलक ने पापा को उन वृद्ध दद्दाजी के बारे में सब कुछ बता दिया। साथ ही यह भी बता दिया कि वह यह खिचड़ी उनके लिए ले कर जा रहा है।' बेटे की आँखों में सेवा की चमक देख पापा भी उस के साथ उन वृद्ध के घर जा पहुँचे। वृद्ध को अभी भी तेज बुखार था। दोनों पिता पुत्र समझा बुझाकर उन वृद्ध को अपने घर ले आए । पुलक और उसके माता- पिता ने उनकी बहुत सेवा की । तीन दिन में ही वह वृद्ध एकदम ठीक हो गए । चौथे दिन जब उनका बेटा वापस लौटा तो पुलक और उसके परिवार की सहृदयता और सेवा भाव से अति प्रसन्न हुआ और उसने उन्हें अनेकों धन्यवाद दिए ।

उस दिन से पुलक और उन वृद्ध के परिवार में घनिष्ठ सम्बन्ध हो गए। पुलक आई. आई.टी की तैयारी कर रहा था, वरुण भैया (वृद्ध के बेटे) आई. आई. टी से इंजीनियरिंग करके निकले थे। उन्होंने पुलक की पढाई की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। आज पुलक का आई. आई. टी में सिलेक्शन हो गया था। सभी बहुत खुश थे । सबसे ज्यादा खुश थे दादाजी जिन्हें पुलक के रूप में इतना होनहार पोता जो मिला था।

Pavaan Vani

Dear Readers,

Narayan Narayan,

To give your best is such an emotion which rightfully explains the true meaning of service. The present day scenario has awakened the attribute of **Giving your best** in all people and this can be seen in the various services being provided. Everyone is rendering service. Children are supporting their mother's by helping out in the kitchen. Because of helpers not being allowed in the homes the male members of the house are helping and supporting in the household activity. The elders of the house are offering their support through the medium of prayers. The entire world is praying for the safety and the security of the World. Scientists are dedicated towards researching for the vaccine. The PPE clad Doctors are relentlessly taking care of patients. Some organizations are distributing masks and sanitizers, some are donating food, and some are giving health campaign messages through the electronic media. Some are taking care of the patient's families. Some are allowing their offices or their unused properties, to be converted to quarantine centres.

This wonderful attribute of service which is awakened throughout the universe, is giving us the message of a better tomorrow. Service is the only attribute which can keep this universe stable.

Everyone is giving service by body, mind and wealth, but one particular thing that has come to the light during this period is one unique way of service- Prayer. In every country, in every city, in every house, prayers are being offered by everyone for the safety of everyone- selfless, pure prayers! Service is meaningful only when the mind is connected with your body and wealth. When you adapt the attribute of service in your mind, nature automatically arranges money and also keeps your body healthy for service. **'Seva Parmo Dharma' ('सेवा परमो धर्मः')** - It is written in the scriptures and it is the basis of humanity. To make life successful is simple but to make it meaningful is the purpose of human existence and the best way to make life meaningful and to balance our karmas is- **Service**.

R. Modi.

CO-EDITOR

Deepti Shukla 09869076902

EDITORIAL TEAM

Vidya Shastry 09821327562
Mona Rauka 09821502064

Main Office

Rajasthani Mandal Office, Basement Rajnigandha Building, Krishna Vatika Marg, Gokuldham, Goregaon (East), Mumbai - 400 063.

Editorial Office

Shreyas Bunglow No 70/74 Near Mangal Murti Hospital, Gorai link Road, Borivali (W) Mumbai -92.

Regional Office

Amravati - Tarulata Agarwal : 9422855590
Ahmedaba - C. A. Jaiwini Shah : 9712945552
Akola - Shobha Agarwal : 9423102461
Agra - Anjana Mittal : 9368028590
Baroda - Deepa Agarwal : 9327784837
Bangalore - Shubhani Agarwal : 9341402211
Bangalore - Kanishka Poddar : 70455 89451
Bhilwada - Rekha Choudhary : 8947036241
Basti - Poonam Gadia : 9839582411
Bhandra - Geeta Sarda : 9371323367
Banaras - Anita Bhalotia : 9918388543
Delhi - Megha Gupta : 9968696600
Delhi - Nisha Goyal : 8851220632
Delhi - Minu Kaushal : 9717650598
Dhulia - Kalpana Chourdia : 9421822478
Dibrugadh - Nirmala Kedia : 8454875517
Dhanbad - Vinita Dudhani : 9431160611
Devria - Jyoti Chabria : 7607004420
Gudgaon - Sheetal Sharma : 9910997047
Gondia - Pooja Agarwal : 9326811588
Gorakhpur - Savita Nalia : 9807099210
Goa - Renu Chopra : 9967790505
Gouhati - Sarla Lahoti : 9435042637
Ghaziabad - Karuna Agarwal : 9899026607
Hyderabad - Snehlata Kedia : 9247819681
Indore - Dhanshree Shilakar : 9324799502
